कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून।

पत्रांक 495/विकास कार्य/नि0सू0/2024–25 दिनांक 30 सितम्बर, 2024

ई–निविदा सूचना

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून द्वारा प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो जो आयकर,व्यापार कर/जी0एस0टी0 देहरादून में भी पंजीकृत हों,ऐसे फर्म/ठेकेदार अपनी श्रेणी के अनुसार नीचे वर्णित कुल 07 विकास कार्य को करने हेतु निविदा फार्म/बिल ऑफ क्वान्टिटी के साथ संलग्नक में अंकित विशिष्टियों हेतु ई–निविदा दिनांक 23–10–2024 को अपरान्ह 2–00 बजे तक uktenders.gov.in की बैबसाईट में प्रतिभाग/अपलोड कर सकते हैं। प्राप्त ई निविदाओं को निविदा समिति/अधिकृत प्राधिकारी द्वारा दिनांक 24–10–2024 को सांय 2–00 बजे उपरान्त उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आगणन में अंकित विशिष्टियों की मात्रा पूर्णतः अनुमानित है इसमें परिवर्तन(घटत/बढत) सम्भावित है परन्तु भुगतान वास्तविक कार्य के माप/आंकलन के आधार पर किया जायेगा।

इच्छुक प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो द्वारा उक्त कार्य हेतु निविदा मूल्य की धनराशि का पे–आर्डर जो सचिव, म0दे0वि0प्रा0 के पक्ष में हो, एवं निर्धारित राशि की धरोहर राशि जो एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में होगी, तथा अधिशासी अभियंता, म0दे0वि0प्रा0 के नाम बन्धक होगी, को निविदा शर्तो के अनुसार अन्य अभिलेखों के साथ उक्त बैबसाईट में उक्त तिथि व समय तक निविदा प्रस्ताव के साथ स्कैन करना होगा तथा इन सभी की मूल प्रति दिनांक 24–10–2024 को अपरान्ह 2–00 बजे प्राधिकरण के सम्बन्धित अभियंत्रण अनुभाग में जमा करनी होगी। निर्धारित समय तक धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 व निविदा मूल्य का ड्राफ्ट जमा न करने की दशा में उस फर्म की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। अन्य शर्तो निविदा प्रपत्र, जी0पी0डब्ल्यू0–9 एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा परफारमेंस सिक्यूरिटी एवं जमानत राशि हेतु जारी शासनादेश संख्या–1197/II(2)/07–75 (सामान्य)/II दिनांक 24–2–2014 एवं अन्य के अनुसार होगी। जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगी/ समस्त निविदाओं की बैधता 90 दिन मान्य रहेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में) बिना जी0एस0टी0	धरोहर राशि रू0	निविदा मूल्य मय जी0एस0टी0 सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1–	अपर नवादा चौक पर दुर्गा माता मंदिर मिनी मसूरी का प्रवेश द्वार निर्मित किए जाने का कार्य	16.93	51000	1770	03
2–	नवादा चौक से (दुर्गा माता मंदिर) शिव मंदिर तक सडक एवं नाली निर्माण कार्य	20.32	61000	2360	03
3–	बदरीपुर में नवादा हाईट्स सोसाईटी में सडक पुर्ननिर्माण कार्य	25.40	75000	2360	03
4–	स्वास्तिक विहार बद्रीपुर में सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य	36.48	73000	3540	04
5–	बालावाला मुख्यमार्ग गुप्ता भूसा स्टोर से बालावाला मामचन्द चौक तक सडक की साईडों में इण्टरलॉकिंग टाईल्स से निर्माण कार्य	43.68	87400	3540	04
6–	तहसील परिसर डोईवाला में बर्षाती नाले का निर्माण कार्य	46.21	92200	3540	04

7–	डोईवाला विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत टी–पाईण्ट के पास नाली निर्माण कार्य	28.69	75000	2360	03

अन्य नियम एवं शर्ते–

निविदा के साथ मूल रूप में एवं ऑनलाईन निविदा में 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर निम्नानुसार शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

- –निविदा वैधता के सम्बन्ध में
- –सत्यतता और शुद्वता के सम्बन्ध में
- –लिटिगेशन की सूचना के सम्बन्ध में
- –निविदा समिति के निर्णय/नो–क्लेम के सम्बन्ध में
- –नो–डयूज के सम्बन्ध में
- –जी0एस.0टी0, आई0टी0व अन्य विभागों के सम्बन्ध में

1– उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–770/(सामान्य) 2011 टी0सी0 दिनांक 12–6–2017 के अनुसार विभागीय दरों से 5 प्रतिशत से अधिक दरों पर निविदा देने पर अतिरिक्त परफारमेंस सेक्यूरिटी नियमानुसार जमा करनी होगी।

2–प्राधिकरण को बिना कारण बताए किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार होगा।

3–ई–निविदा में प्रतिभाग करने में दूरसंचार एवं निविदा को बेवसाईट पर तकनीकी खराबी आदि से निविदाता को होने वाली कठिनाईयों हेतु प्राधिकरण जिम्मेदार नहीं होगा।

अधिशासी अभियंता, म0दे0वि0प्रा0, देहरादून।

प्रतिलिपि :–

1–सचिव, म0दे0वि0प्रा0, देहरादून ।
2–मुख्य लेखाधिकारी, म0दे0वि0प्रा0, देहरादून ।
3–अधीक्षण अभियंता, म0दे0वि0प्रा0, देहरादून।
4–नगर निगम/लोक निर्माण विभाग/जिला परिषद/सिंचाई विभाग के नोटिस बोर्डो पर चस्पा किए जाने हेतु
5–नाजिर को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति को दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर अखबार की प्रति इस अनुभाग को उपलब्ध करायें।
6–आई0टी0 अनुभाग को इस आशय से प्रेषित कि विज्ञप्ति को वैवसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7–प्राधिकरण नोटिस बोर्ड पर चस्पा किए जाने हेतु
8–समस्त पत्रावली पर संलग्न किए जाने हेतु

अधिशासी अभियंता,म0दे0वि0प्रा0, देहरादून।